# Dr. K.K.R's GOWTHAM E.M. SCHOOL, GUDIVADA.

**X Hindi (State) NEW MODEL PAPER -II**

**Time : 3h 15 mins.** **Max. Marks : 100**

सूचनाएँ : 1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखो ।
3) प्रश्न पत्र में छः भाग हैं ।

## भाग - I.

**I.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । **12x1 = 12**

1. किरपा कर अपनायो । (रेखांकित शब्द का सही तत्सम रूप पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| कृपा | कृपया | किरपण |

2. रघुनाथराव तेजी से प्रवेश करते हैं । (क्रिया-विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)
3. 1626 - को हिंदी अक्षरों में लिखिए ।
4. अमीना ..... अपने माथे पर हाथ रखा । (उचित कारक चिह्न से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।) (को, से, ने)
5. भारतवासी दुनिया को पावनधाम बनायेंगे । (वाक्य के आधार पर सही जोडी पहचान कर लिखिए ।)
   भारतवासी : तत्पुरुष समास पावनधाम : द्वंद्व समास
6. यद्यपि उनमें अधिकतर मेल नहीं होता । (रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद पहचान कर लिखिए ।)
7. 'जो विश्व के सभी देशों से जुडा हो' - एक शब्द में लिखो ।)
8. अमीना का दिल कचोट रहा है । - रेखांकित मुहावरे का अर्थ निम्न में से पहचान कर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| खुश होना | दुःखित होना | भाग लेना |

9. पुरुष श्रमिक के रूप में मेहनत करते हैं । (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)
10. मोती सागर में मिलता है । (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखए ।)
11. लक्ष्मीबाई गीता पढ़ेगी । (इस वाक्य को वर्तमानकाल में बदलकर लिखिए ।)
12. तुम तुम्हारा काम करो । (इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।)

## भाग - II

प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।

13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर, प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए । **5x1 = 5**

पहाडियों के अपने-अपने गीत हैं । उनके अपने-अपने भिन्न रूप होते हुए भी अशास्त्रीय होने के कारण उनमें अपनी एक समान भूमि है । गढ़वाल, किन्नौर,काँगडा आदि के अपने-अपने गीत और उन्हें गाने की अपनी-अपनी विधियाँ हैं । उनका अलग नाम ही 'पहाडी' पड गया है ।

1) 'पहाड' शब्द का पर्याय शब्द लिखिए ।
2) 'अ' उपसर्ग से प्रयुक्त शब्द पहचानकर लिखिए ।

3) 'ई' प्रत्यय से प्रयुक्त शब्द पहचानकर लिखिए ।
4) 'समान' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।
5) 'उनका' शब्द का शब्द-भेद क्या है ?

14. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 5x1 = 5

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा,
भाग्यवाद के छल से ।।

1) किसके बल से मानव धन कमाता है ? ( )
A) पाप के B) पुण्य के C) धर्म के D) अधर्म के

2) संचित किया धन कौन भोगता है ? ( )
A) मानव B) बच्चे C) भाग्यवादी D) अभाग्यवादी

3) मनुज शब्द का संबंध किससे है ? ( )
A) संपत्ति से B) पाप से C) मानव से D) दानव से

4) इसका बडा महत्व है ? ( )
A) धन का B) मानव का C) आलस का D) श्रम का

5) यह पद्यांश किस कविता पाठ से दिया गया है ? ( )
A) बरसते बादल B) हम भारतवासी C) नीति दोहे D) कण-कण का अधिकारी

15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 5x1 = 5

गाँव से मेला चला और बच्चों के साथ हामिद जा रहा था । शहर का दामन आ गया । सडक के दोनों ओर अमीरों के बगीचे हैं । बडी-बडी इमारतें, अदालत, कॉलेज़, क्लब, घर आदि दिखाई देने लगे । ईदगाह जानेवालों की टोलियाँ नज़र आने लगीं । एक-से-एक भडकीले वस्त्र पहने हुए हैं । सहसा ईदगाह नज़र आयी और उसी के पास ईद का मेला । नमाज़ पूरी होते ही सब बच्चे मिठाई और खिलौनों की दुकानों पर धावा बोल देते हैं ।

1) हामिद किसके साथ जा रहा था ?
2) अमीरों के बगीचे कहाँ हैं ?
3) हामिद ईदगाह जाते समय सहसा उसे क्या नज़र आयी ?
4) बच्चे कैसे वस्त्र पहने हुए हैं ?
5) बच्चे किन पर धावा बोल देते हैं ?

16. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 5x1 = 5

एक छात्र होने के नाते आप जिस कक्षा में भी पढ़ते हो, उसमें आगे बढ़ने के लिए खूब परिश्रम करें । अपने जीवन में पहले एक लक्ष्य बनायें । फिर उसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करें । बाधाओं से लडते हुए उन पर विजय प्राप्त करें । निरंतर प्रयत्नशील रहते हुए सब से बढ़िया काम करने की ओर बढ़ते रहें । साथ ही नैतिक मूल्यों को भी ग्रहण करें ।

1) छात्र को अपने जीवन में पहले किसे बनाना चाहिए ? ( )
A) घर B) लक्ष्य C) रॉकेट D) रेल

2) लक्ष्य प्राप्त के लिए किसे प्राप्त करना है ? ( )

A) धन B) ज्ञान C) अनुभव D) ज्ञान और अनुभव

3) छात्र के लिए किन्हें ग्रहण करना चाहिए ? ( )

A) नैतिक मूल्यों को B) बुरे गुणों को C) अधर्म को D) अहिंसा को

4) 'नैतिक' प्रत्यय क्या है ? ( )

A) नीति B) नै C) इक D) क

5) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? ( )

A) ईदगाह B) स्वराज्य की नींव

C) लोकगीत D) धरती के सवाल अंतरिक्ष के ज़वाब

## भाग - III

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर छह वाक्यों में लिखिए । 2x4 = 8

17. रैदास के बारे में आप क्या जानते हैं ?

18. दक्षिणी गंगा गोदावरी पाठ के लेखक का जीवन परिचय दीजिए ।

## भाग - IV

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए । 8x3 = 24

19. धरती की शोभा का प्रमुख कारण वर्षा है । इस पर अपने विचार बताइए ।

20. सत्य, अहिंसा, त्याग और समर्पण की भगिया महकाने के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं ?

21. पहाडी किसे कहा जाता है ?

22. सांस्कृतिक दृष्टि से हिंदी का क्या महत्व है ?

23. एकांकी के आधार पर बताइए कि 'स्वराज्य की नींव' का क्या तात्पर्य है ?

24. 'प्रार्थना करनेवाले होठों से सहायता करनेवाले हाथ कहीं अच्छे हैं ।' - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

25. *अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइए ।*

26. राजू ने अपने स्कूल को किस तरह का उपहार समर्पित किया ?

## भाग - V

निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

27. किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए । 1x10 = 10

अ) 'हम भारतवासी' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

(या)

आ) ''मीरा के पद'' का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

28. किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए । 1x10 = 10

अ) 'लेकगीत' निबंध पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

(या)

आ) आज दुनिया के सभी देशों में जल की समस्या बनी हुई है । इसके समाधान में हम सबकी क्या जिम्मेदारी है ?

## भाग - VI

निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1x8 = 8

अ) अपने मित्र को पत्र लिखकर अपनी भावी योजनाओं के बारे में लिखिए ।

(या)

आ) पुस्तक खरीदने के लिए रुपये माँगते हुए पिता के नाम एक पत्र लिखिए ।

30. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1x8 = 8

अ) भारत में त्यौहारों का प्रमुख स्थान है । किसी एक धार्मिक त्यौहार के बारे में लिखिए ।

(या)

आ) पुस्तकें ज्ञान का भंडार है । - अपने विचार बताइए ।